Rapid Fire करेंट अफेयर्स (17 September)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-september-17

- राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद अपने तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में दक्षिण-मध्य यूरोपीय देश स्लोवेनिया पहुँचे। **स्लोवेनिया** की राजधानी **लुबियाना (Ljubljana)** में उन्होंने अपने समकक्ष **बोरूत पाहोर** से मुलाकात की। इसके बाद दोनों देशों के बीच **आपसी हितों के क्षेत्रों** में सहयोग के 11 समझौतों पर हस्ताक्षर किये गए। भारतीय राष्ट्रपति ने **भारत-स्लोवेनिया बिज़नेस इवेंट** में भी हिस्सा लिया। विदित हो कि वर्ष 1991 में स्लोवेनिया की स्वतंत्रता के बाद किसी भारतीय राष्ट्रपति की यह पहली यात्रा है। मध्य यूरोप में आल्प्स पर्वत के निकट स्थित स्लोवेनिया भूमध्य सागर की सीमा से लगा देश है। इसके पश्चिम में इटली, दक्षिण-पश्चिम में एड्रियाटिक सागर, दक्षिण और पूर्व में क्रोएशिया उत्तर-पूर्व में हंगरी और उत्तर में ऑस्ट्रिया स्थित है।
- सेना सेवा कोर की **एक्वा स्टेलियन** व्हाइटवॉटर राफ्टिंग टीम ने लेह में जांस्कर नदी को पार करने का पिछला 10 घंटे 10 मिनट का रिकार्ड तोड़ दिया। राफ्टिंग दल के 24 सदस्यों को 3 सितंबर को लेह से रवाना किया था। इस दल ने लद्दाख में **जांस्कर नदी** पर पदम से निम्मू तक की 160 किलोमीटर की दूरी को 7 घंटे 51 मिनट में पूरा किया।
- 8 सितंबर को दुनियाभर में **विश्व साक्षरता दिवस** का आयोजन किया गया। वर्ष 1966 में **यूनेस्को** ने शिक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने और दुनियाभर के लोगों का ध्यान इस तरफ आकर्षित करने के लिये हर साल 8 सितंबर को विश्व साक्षरता दिवस मनाने का निर्णय लिया था। विश्व साक्षरता दिवस मनाने को लेकर पहली बार वर्ष 1965 में 8 से 19 सितंबर के बीच ईरान के तेहरान में शिक्षा के **मंत्रियों के विश्व सम्मेलन** के दौरान चर्चा की गई थी। इस सम्मेलन के दौरान विश्व साक्षरता दिवस मनाने का एलान किया। वर्ष 2018 में जारी मानव संसाधन विकास मंत्रालय की **शैक्षिक सांख्यिकी रिपोर्ट** के मुताबिक, भारत की साक्षरता दर 69.1% (गाँव और शहर दोनों को मिलाकर) है। ग्रामीण भारत में साक्षरता दर 64.7% है जिसमें महिलाओं भागीदारी 56.8% है और पुरुषों की 72.3%। शहरी भारत में साक्षरता दर 79.5% है जिसमें 74.8% महिलाएँ हैं और 83.7 पुरुष। वर्ष 2019 के विश्व साक्षरता दिवस की थीम **Literacy and Multilingualism (साक्षरता और बहुभाषावाद)** रखी गई है।
- 16 सितंबर को दुनियाभर में **विश्व ओज़ोन दिवस** का आयोजन किया गया। इसी सप्ताह **मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल** की 32वीं वर्षगांठ भी मनाई जा रही है। इसे अब तक का सबसे सफल **पर्यावरणीय समझौता** माना जाता है। इस संधि पर 16 सितंबर, 1987 को हस्ताक्षर किये गए थे। इस संधि के तहत **ओज़ोन परत के संरक्षण** के लिये सभी देशों के द्वारा स्वीकृत एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गए हैं। हर साल ओज़ोन परत के संरक्षण के लिये एक अलग थीम तैयार करके लोगों को इसके महत्त्व के बारे में जानकारी दी जाती है। मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल की वर्षगांठ या विश्व ओज़ोन दिवस मनाने का उद्देश्य ओज़ोन परत को हानिकारक क्लोरोफ्लोरो कार्बन जैसी गैसों से बचाना है। ओज़ोन परत सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणों से हमारी रक्षा करती है। इस वर्ष विश्व ओज़ोन दिवस 2019 की थीम 32 years and Healing रखी गई है।
- खेल जगत में भारतीय खिलाड़ियों को सफलता मिलने का सिलसिला जारी है।
    - भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने **बेल्जियन इंटरनेशनल चैलेंज टूर्नामेंट** के पुरुष सिंगल्स का खिताब डेनमार्क के विक्टर स्वेंड्सन को हराकर जीता। एक अन्य भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी कौशल धरमामेर

ने इंडोनेशिया के केरोनो केरोनो को हराकर **म्याँमार इंटरनेशनल सीरीज़** में पुरुष सिंगल्स का खिताब जीत लिया। **वियतनाम ओपन** में भी भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी सौरभ वर्मा ने पुरूषों के सिंगल्स के फाइनल में चीनी खिलाड़ी सुन फेई जियांग को हराकर खिताब जीता।

- भारतीय एथलीट मयंक वैद ने **दुनिया की सबसे कठिन रेस एंड्रुरोमन ट्रायथलन** को रिकॉर्ड समय 50 घंटे 24 मिनट में जीत लिया। उन्होंने पिछले वर्ल्ड रिकॉर्ड को 2 घंटे 6 मिनट के बड़े अंतर से तोड़ा। इससे पहले बेल्जियम के जूलियन डेनेयर का 52 घंटे 30 मिनट का रिकॉर्ड था। मयंक यह रेस जीतने वाले **एशिया के पहले** और दुनिया के 44वें एथलीट बन गए हैं। इस रेस को दुनिया की सबसे कठिन **पॉइंट टू पॉइंट ट्रायथलन रेस** माना जाता है।
- कोलंबो के **आर. प्रेमदासा स्टेडियम** में खेले गए फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए 32.4 ओवरों में सिर्फ 106 रन बनाने के बावजूद भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 5 रन से हराकर **अंडर-19 एशिया कप** क्रिकेट का खिताब जीत लिया लिया। भारत ने सातवीं बार अंडर-19 एशिया कप का खिताब जीता है। भारत वर्ष 1989, 2003, 2012, 2013-14, 2016, 2018 में भी यह खिताब जीत चुका है।
- भारत के शीर्ष क्यू (बिलियर्ड्स तथा स्नूकर) खिलाड़ी **पंकज आडवाणी** ने म्याँमार के स्थानीय खिलाड़ी नाए थावे ओ को हराकर **आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप** का खिताब जीत लिया। पंकज आडवाणी ने लगातार चौथा फाइनल जीता है। यह उनके करियर का 22वाँ तथा बिलियर्ड्स के शॉर्ट फॉर्मेट में पिछले 6 वर्षों में पाँचवां वर्ल्ड टाइटल है।